(ग) यदि नहीं, तो सरकार इस प्रस्ताव पर क्या कार्यवाही करने का विचार रखती है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उप मंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) से (ग) जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय द्वारा भेजी गई सूचनानुसार, पहले से ही भारतीय भाषा केन्द्र, विश्वविद्यालय के भाषा स्कूल में हिन्दी के साथ-साथ उर्दू भी पढ़ाई जाती है जबकि अफ्रीकी और एशियाई भाषा केन्द्र में विदेशी भाषा के रूप में पश्तो, अरबी और भाषा इण्डोनेशिया के साथ-साथ फारसी भी पढ़ाई जाती है ।

विश्वविद्यालय ने आगे यह भी सूचित किया है कि जब भी संस्कृत, तमिल और बंगला पढ़ाने के लिए सुविधाएं उपलब्ध होंगी और विस्तार के लिए और अधिक संसाधन उपलब्ध होंगे, ये पाठ्यक्रम शुरू कर दिए जाएंगे ।

बिहार के संथाल परगना क्षेत्रों में खेलकूद प्रशिक्षण संस्थान

5086. **श्री जनार्दन यादव** : क्या **मानव संसाधन विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार बिहार में छोटा नागपुर की ही तरह संथाल परगना क्षेत्र में आदिवासी बालक-बालिकाओं के लिए खेलकूद प्रशिक्षण संस्थान खोलने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो किस स्थान पर; और

(ग) यदि नहीं, तो इन आदिवासी बालक-बालिकाओं के समुचित विकास के लिए सरकार की योजनाओं का ब्यौरा क्या है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (युवा कार्य और खेल विभाग) में राज्य मंत्री (श्री मुकुल वासनिक) : (क) जी, नहीं ।

(ख) लागू नहीं ।

(ग) भारत सरकार की अपनाये गये स्कूल विशेष क्षेत्र खेल (एस. ए. जी.) योजना और खेल परियोजना विकास क्षेत्र (एस. पी. डी.ए.) योजना जैसी योजनाएं हैं जिसके अंतर्गत आदिवासी, तटीय, पहाड़ी और देश के दूर-दराज क्षेत्रों से खेल प्रतिभा का पता लगाया जाता है और आधुनिक प्रतियोगी खेलों में प्रशिक्षित किया जाता है । ऐसे केन्द्र छोटा नागपुर में गुमला और रांची में कार्य कर रहे हैं । ये केन्द्र संथाल परगना के भी आदिवासी बच्चों की देखभाल कर सकते हैं ।

सिंधी भाषा का विकास

5087. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या **मानव संसाधन विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1993-94 के दौरान सिंधी भाषा के विकास के लिए सरकार की क्या योजनाएं थीं; और

(ख) वर्ष 1992-93 के दौरान इस संबंध में क्या कदम उठाए गए थे ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उप मंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) और (ख) वर्ष 1992-93 और 1993-94 के दौरान सिंधी के विकास के कार्यक्रमों, सिंधी पुस्तकों की खरीद और सिंधी लेखकों को पुरस्कार प्रदान करने संबंधी कार्यक्रमों के वित्त पोषण की योजना को जारी रखने के अलावा, सरकार ने सिंधी भाषा की प्रोन्नति और विकास के लिए अहमदाबाद में सिंधी विकास बोर्ड स्थापित करने का निर्णय लिया है ।

केन्द्रीय विश्वविद्यालयों को सहायता

5088. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या **मानव संसाधन विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1993-94 के दौरान देश के विभिन्न केन्द्रीय विश्वविद्यालयों को कितनी सहायता-प्रदान की गई थी; और

(ख) तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और किस-किस विश्वविद्यालय ने आवंटित राशि का उपयोग समुचित रूप से नहीं किया है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उप मंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) और (ख) वर्ष 1993-94 के दौरान योजनेतर और योजनागत के अंतर्गत केन्द्रीय विश्वविद्यालयों को प्रदत्त अनुदानों को दर्शाने वाला विवरण संलग्न है (नीचे देखिए) ।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने सूचित किया है कि योजनेतर के अंतर्गत केन्द्रीय विश्वविद्यालयों को प्रदत्त अनुदान का इस्तेमाल सभी केन्द्रीय विश्वविद्यालय द्वारा पूर्ण रूप से किया गया है । केन्द्रीय विश्वविद्यालयों को दिए जाने वाले योजनागत अनुदान विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा पांच वर्ष की अवधि के लिए आवंटित किए जाते हैं और संबंधित विश्वविद्यालयों द्वारा सूचित किए गए व्यय की प्रगति के आधार पर वर्ष-दर-वर्ष किस्तों पर जारी किए जाते हैं । तथापि परियोजना की समाप्ति के बाद ही केन्द्रीय विश्वविद्यालयों की भवन परियोजनाओं के संबंध में योजनागत अनुदानों के इस्तेमाल की वास्तविक स्थिति का पता चल सकेगा । अतः परियोजना की समाप्ति और प्रत्येक योजना के संबंध में पूरे दस्तावेज प्राप्त होने के बाद वर्ष 1993-94 के दौरान प्रदत्त योजनागत अनुदान के इस्तेमाल की स्थिति सुनिश्चित की जा सकेगी ।

विवरण

वर्ष 1993-94 के दौरान केन्द्रीय विश्व-विद्यालयों को प्रदत्त योजनागत एवं योजनेतर अनुदान

(रु० लाखों में)

क्रमांक	विश्वविद्यालय का नाम	संस्वीकृत अनुदान	
		योजनागत	योजनेतर
1.	अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय	147.54	5628.09
2.	बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय	102.05	5883.68
3.	दिल्ली विश्वविद्यालय	23.00	3109.78
4.	हैदराबाद विश्वविद्यालय	223.59	894.21
5.	इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय	1000.00	764.60
6.	जामिया मिलिया इस्लामिया	248.52	939.78
7.	जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय	134.20	1825.29
8.	उत्तर-पूर्वी पर्वतीय विश्वविद्यालय	281.66	1319.02
9.	पांडिचेरी विश्वविद्यालय	169.53	344.82
10.	विश्व-भारती	61.25	1389.39
11.	असम विश्वविद्यालय	30.00	—
12.	तेजपुर विश्वविद्यालय	30.00	—